# जनपद स्तरीय क्वालिटी एश्योरेन्स समिति की बैठक की कार्यवृत्ति

दिनांक 25.03.2017 को डा0 ए0के0 पचौरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय, कन्नौज की अध्यक्षता में आयोजित जनपद स्तरीय क्वालिटी एश्योरेन्स समिति की बैठक, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभागार में सम्पन्न हुयी जिसमें जनपद के क्वालिटी एश्योरेन्स समिति के सदस्यों ने प्रतिभाग किया–

| क्र0सं0 | प्रतिभगी अधिकारी का नाम | पद नाम |
|---|---|---|
| 1 | डा0 ए0 के0 पचौरी | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| 2 | डा0 सी0पी0 सिंह | सी0एम0एस0, जिला चिकित्सालय |
| 3 | डा0 अजय कुमार | आधीक्षक, सी0एच0सी0 |
| 4 | डा0 एस0 के0 सिंह | सर्जन |
| 5 | डा0 मनप्रीत कौर | गायनकोलोजिस्ट |
| 6 | डा0 जे0 एस0 रंधावा | एनेस्थेसिस्ट |
| 7 | डा0 नितिन वैश्य | बालरोग |
| 8 | डा0 आर0 के0 गुप्ता | फिजीशियन |
| 9 | ग्लोरिया रोजलीना | इंजार्च |
| 10 | वाई0 पी0 सिंह | एडवोकेट |
| 11 | डा0दिलीप सिंह | सी0एम0एस0राज0मेडिकल कालेज |
| 12 | डा0के0सी0राय | नोडल क्यू0ए0सी0 |
| | | |

1. मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता लाने के साथ–साथ चिकित्सा परिसर की स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया। तथा यह भी कहा गया कि क्वालिटी एश्योरेंस सेल से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवता को और अधिक बढ़या जासकता है।
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि चिकित्सा परिसर में किसी भी मरीज या तीमदार की सुविधा के लिये सभी प्रमुख स्थान जैसे कि OPD, Xray आदि के लिये Proper Indiactor लगे होने चाहिये।
3. सभी चिकित्सक अपने ओ.पी.डी. कक्ष में समय से बैठें एवं मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा सभी स्टाफ समय से अपने कार्य सम्पादित करें तथा ओ0पी0डी0 के पर्चे समय से बनें, पर्चे के स्थान पर अधिक लोगों की भीड़ हो तो पर्चे में एक से अधिक स्टाफ की व्यवस्था की जाये, पर्चे बनाने के स्थान पर बैठने की , पीने के पानी तथा हवा हेतु पंखे की व्यवस्था होनी चाहिये।
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उपसमिति के अर्न्तगत इनपैनलमेन्ट के लिये डा0 एस0के0 सिंह (मिनीलैप), डा0 जितेन्द्र कुमार (एन0एस0वी0), डा0 वाई0के0 गुप्ता (लैप्रो) को परिवार नियोजन कार्यक्रम में इनपैनलमेन्ट किया जाय।
5. मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि उपरोक्त योजना के अर्न्तगत चिन्हित चिकित्सालयों में नियमित रूप से भ्रमण किया जाये जिससे चिकित्सालय की गुणवत्ता को क्वालिटी एश्योरेन्स के समित के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।
6. कायाकल्प अवार्ड से सम्बन्धित सभी चिकित्सा इकाइयों में Internal Assesment Score में 70 प्रतिशत से अधिक स्कोर लाने का प्रयास करें और उसमें भी कमियां है, उसे तत्काल पूर्ण किया जाये व सम्बन्धित चिकित्सा इकाइयों की कमियों को पूर्ण करने के लिये चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय से हर सम्भव मदद दी जायेगी।
7. कायाकल्प चेकलिस्ट का भली भॉति अध्ययन करते हुए जिन बिन्दुओं पर गैप्स है उनको तत्काल दूर करने के निर्देश दिये गये।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
कन्नौज।